# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025

वर्ष 01 | अंक 216 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## कमलनाथ दिग्विजय विवाद पर सिंघार बोले- पुरानी बातों को याद करने से क्या मतलब, जो बिकना थे बिक गए



ज्योदिरादित्य सिंधिया की बगावत के कारण पांच साल पहले कांग्रेस की सरकार गिरने के कारणों पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच तलवारें खींची हुई हैं। सिंह ने हाल ही में खुलासा किया था कि नाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच विवाद थे। जिन्हें समाप्त करने की उन्होंने कोशिश की थी। इस मुद्दे पर अब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि पुरानी बातों को याद करने से क्या मतलब, जो बिकना थे वो बिक गए। सिंघार ने कहा कि बीती ताहि बिसार देने में ही सबकी भलाई है। पांच साल पहले क्या हुआ? क्यों कांग्रेस की सरकारी गिरी। यह सबको पता है। सिंघार ने कहा कि तब मुझे भी लालच दिया गया था। जो बिकना थे, बिक गए। हम बिकाऊ नहीं है, कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे और रहेंगे।

### भाजपा सरकार वोट के साथ नौकरियां भी चोरी कर रही

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि भाजपा सरकार वोट चोरी करने के अलावा नौकरियां भी चोरी कर रही है। कई पद खाली पड़े हैं। ओबीसी आरक्षण पर स्पष्ट निर्णय लेने से सरकार बच रही है। इस मामले में भाजपा सरकार की दोहरी नीति नजर आ रही है। ओबीसी समाज को केवल छलावा और जुमले दिए जा रहे हैं। इस मामले में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक मात्र दिखावा है। अगर सरकार की नीयत साफ है तो तत्काल आदेश जारी कर 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जा सकता है।

## एमपी में मुख्य सचिव को लेकर सस्पेंस खत्म,

# अनुराग जैन को मिला एक्सटेंशन, CM डॉ मोहन ने दी बधाई

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। अनुराग जैन को एक बार फिर एक्सटेंशन मिला हैं। वहीं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अनुराग जैन को बधाई दी हैं।



सीएम ने कहा कि कार्यकाल को एक वर्ष बढ़ाए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं। वहीं अनुराग जैन के दीर्घ प्रशासनिक अनुभव, नवाचारों और सतत् प्रयासों से प्रदेश की विकास यात्रा निरंतर नए प्रतिमान स्थापित करने की कामना भी की हैं। मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को लेकर स्थिति साफ हो गई। वर्तमान मुख्य सचिव अनुराग जैन को एक बार फिर एक्सटेंशन मिला है। आपको बता दें कि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अनुराग जैन का इसी महीने कार्यकाल खत्म हो रहा था। राज्य सरकार ने उनके एक्सटेंशन (सेवावृद्धि) का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा। जिसे मंजूर कर लिया गया है। अनुराग जैन को एक्सटेंशन मिलने के बाद अब साल 2026 में उनका रिटायरमेंट हो सकता है। डीओपीटी जल्द ही एक्सटेंशन देने के संबंध में आदेश जारी करेगी। मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन जी, आपको कार्यकाल के एक वर्ष बढ़ाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## अबोधिता, विवेक और पवित्रता प्रदान करते हैं गणाधीश।

प्रणम्य शिरसा देवं गौरीपुत्रं विनायकम् ।।भक्तावासं स्मरेन्नित्यमायुःकामार्थसिद्धये ।।



संपूर्ण भारतवर्ष इस समय श्री गणेशोत्सव के रंग में रंगा हुआ है। बड़े धूम-धाम, श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्हास से यह पर्व मनाया जा रहा है। श्री गणेश जी की आराधना कर हम सभी उनसे हमारा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष सफल हो ऐसी विनम्र प्रार्थना करते हैं। प. पू. श्री माताजी कहते हैं कि, संपूर्ण ब्रम्हांड की रचना करने से पूर्व श्री गणेश की रचना श्री आदिशक्ति द्वारा की गयी। श्री गणेश का अर्थ है पावनता, पवित्रता। किसी भी चीज का सृजन करने से पहले, आवश्यक है कि वहाँ का वातावरण पवित्र हो जाये।

प. पू. श्री माताजी कहते हैं कि आपको अगर श्री गणेश का सृजन अपने अंदर करना है तो आपको आपकी शुद्ध इच्छाशक्ति जागृत कर आत्मसाक्षात्कार मांगना होगा। श्री गणेश का स्थान हमारे सूक्ष्म शरीर में सुषुम्ना नाड़ी के निचले छोर पर प्रथम चक्र मूलाधार में है।अपना गणेश तत्व जाग्रत करने के लिये गणेशोत्सव के इस पावन पर्व में आप हृदय से प्रार्थना कीजिये, श्री माताजी, हमें हमारा आत्मसाक्षात्कार प्रदान कीजिये। हमारे मूलाधार में स्थित श्री गणेश को जागृत कर हमें उनके सारे गुण प्रदान कीजिये। आपकी इस प्रार्थना मात्र से आपकी कुंडलिनी शक्ति उर्ध्वगामी होकर, आपको शीतल चैतन्य लहरियां प्रदान करेगी। हम सभी में इस शक्ति को पाने की या श्री गणेश को प्राप्त करने की शुद्ध इच्छा सदैव जाग्रत रहती है कैसे? हम सभी को अच्छा बनना, अपना एक सुंदर, संतुलित,यशस्वी, बुद्धिमान व्यक्तित्व अच्छा लगता है। आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के पश्चात् जब हमारा गणेश तत्व जागृत होता है तो हम बच्चे जैसे अबोध बन जाते हैं, एक बच्चा जैसे सभी षड्रिपुओं से अनायास ही मुक्त रहता है वैसे ही व्यक्ति अबोध, पावन, मंगलमय और विवेकवान बनता है। उसका गणेश तत्व जब आज्ञा चक्र को लांघता है तो वह व्यक्ति अपने अहंकार और प्रति अहंकार पर धीरे धीरे विजय प्राप्त करता है। अपने चित्त का एक आलोचक की तरह - परीक्षण कर स्वयं को सदैव पावन रखने का प्रयास करता है। और इस दैवीय यात्रा में वह श्री आदिशक्ति द्वारा संरक्षित किया जाता है। आपको भी इस गणेशोत्सव में अपने अंतः स्थित श्रीगणेश को जानना है तो आज ही सीखिए सहजयोग ध्यान। आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

# जैन समाज के पर्युषण महापर्व सम्पन्न

## आठ दिवसीय आराधना खूब तप त्याग तपस्या से मनाई गई बालिका अवनि बागमार और यशी ने किया अठाई तप

**रणजीत टाइम्स**

करही। नगर के श्वेताम्बर जैन समाज के आठ दिवसीय पर्युषण महापर्व हर्षोउल्लास व उत्साह से सम्पन्न हुए। महाराष्ट्र से पधारे तीन श्रावक भाइयों के सानिध्य में जैन समाज ने पर्युषण पर्व की आराधना की। बालिका अवनि बागमार,और यशवी छाजेड़ सहित अन्य ने अठाई की तपस्या पूर्ण की




। करही जैन श्वेताम्बर समाज ने आठ दिवसीय आराधना बुधवार को 84 लाख जीव योनियों के साथ क्षमा याचना करके पूर्ण की तथा गुरुवार को सामूहिक क्षमायाचना की गई।

पर्युषण पर्व के दौरान मन्दिर जी मे सुबह पक्षाल व केशरपूजा के बाद दोपहर में स्नात्र पूजन एवम रात्रि में महाआरती और भक्ति संगीत किया गया। वही स्थानक भवन में महाराष्ट्र के सिरपुर से आये स्वधयायी भाई विरपिता मुकेश बुरड़ एवम राकेश संकलेचा व सिल्लोड से आये कुणाल कर्णावट के सानिध्य में आराधना की गई। स्थानक भवन में प्रतिदिन सुबह रायसी प्रतिक्रमण पश्चात 8.30 से अंतगड सूत्रवाचन, 9.15 से प्रवचन, दोपहर 2 से 4 धार्मिक ज्ञान प्रतियोगिता शाम 7 बजे प्रतिक्रमण की आराधना की गई। स्वाध्यायी एवम जिनवाणी से प्रेरित होकर कुमारी अवनि विशाल बागमार ने 8 उपवास, कु यशवी विनोद छाजेड़ ने 8 उपवास, श्रेणिक छाजेड़ एवम सुषमा अखिलेश छाजेड़ ने 8 उपवास की तपस्या पूर्ण की। इसके साथ ही अनेक पांच, तेले, बेले, उपवास एकासना आदि तपस्याओं का क्रम जारी रहा।पर्युषण के अंतिम दिन बुधवार को संवत्सरी महापर्व मनाया गया। इस दिन सभी जैन अनुयायियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर खूब धर्म आराधना की। इस दिन समाज के अधिकांश श्राविक श्राविकाओं ने उपवास रखा।दिन भर की धर्म आराधना के पश्चात शाम 7 से रात 9 तक महाप्रतिक्रमन किया गया जिसमें 84 लाख जीव योनियों से क्षमा याचना की गई। गुरुवार को सुबह सर्वप्रथम स्थानक भवन में महाराष्ट्र से पधारे श्रावक भाइयों का करही जैन श्री संघ ने सम्मान किया उसके बाद समाजजनो ने आपसी में एक दुसरो से क्षमा याचना की। उसके बाद अठाई तपस्वियों ने पारने किए।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिंगनोद में 40 वा नेत्रदान पखवाड़ा मनाया




**रणजीत टाइम्स**

**राजगढ़। सिविल हॉस्पिटल घर के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिंगनोद पर 40 वा नेत्र दान पखवाड़ा डॉक्टर सौरभ बोरासी नेत्र रोग विशेषज्ञ धार एवं डॉ अरुण मोहरानी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी सिविल हॉस्पिटल सरदारपुर के मार्गदर्शन में मनाया गया जिसमें नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया**

जिसका विधिवत उद्घाटन डॉक्टर शिवम जांगड़े और डॉ राहुल हामड़ मेडिकल ऑफिसर रिंगनोद द्वारा किया गया जिसमें 27 नेत्र रोगियो का परीक्षण एस के पाराशर नेत्र चिकित्सा सहायक सरदारपुर द्वारा किया गया जिसमें सभी नेत्र रोगियों को निशुल्क दवाई एवं निशुल्क चश्मा बुजुर्गों को दिए गए नेत्रदान महादान का महत्व मीटिंग रख के सभी वरिष्ठ ग्रामीण जन को समझाया गया एवं गांव के वरिष्ठ श्री नानालाल जी पाटीदार ईश्वर पाटीदार और अन्य 5 व्यक्तियों ने नेत्रदान संबंधित फार्म भरे नेत्र परीक्षण शिविर में 6 मोतियाबिंद मरीज पाए गए जिन्हें आगामी नेत्र शिविर में ऑपरेशन हेतु प्रेरित किया गया शिविर के पश्चात माध्यमिक विद्यालय रिंगनोद में सभी छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया एवं नेत्रदान रैली का आयोजन डॉक्टर शिवम जांगड़े एवं डॉ राहुल हमाड़ एवं समाजसेवी जनप्रतिनिधि श्री ईश्वर मिस्त्री ने हरी झंडी दिखाकर हॉस्पिटल से रैली को रवाना किया जो प्रमुख मार्ग होते हुए अस्पताल पर समाप्त हुई स्कूल में 9 छात्रों को दृष्टि दोष पाया गया जिन्हें आगामी माह में निशुल्क चश्मा शासन की योजना अनुसार दिए जाएंगे नेत्रदान पखवाड़ा यह लोगों को मरने उपरांत नेत्रदान के लिए प्रेरित करने और कॉर्निया से होने वाले अंधेपन के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एवं देशव्यापी अभियान है।

# फसल बीमा योजना मे सेटेलाईट सर्वे बंद किया जाए - विधायक प्रताप ग्रेवाल

## किसानो की वास्तविक नुकसानी का फसल बीमा प्रदान किया जाए फसल बीमा योजना बनी किसानो से वसुली का माध्यम

**रणजीत टाइम्स**

सरदारपुर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध मे सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल ने गुरूवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि फसलो मे होने वाले नुकसान की भरपाई के उद्देश्य से फसल बीमा योजना बनाई गई है लेकिन किसानो को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उचित लाभ नही मिल रहा है किसान द्वारा सोयाबीन



की फसल मे 2100 रूपये प्रति बीघा के हिसाब से बीमा राशि एवं गैहूं मे 1500 रूपये प्रति बीमा के हिसाब से बीमा राशि जमा करवाई जाती है। बीमा कंपनी एवं सरकार द्वारा फसलो मे नुकसानी का सेटेलाईट सर्वे किया जाता है जिससे कई किसान एवं कई गॉव फसल बीमा से वंचित रह जाते है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मे किसानो के फसलो मे होने वाले नुकसान की वास्तविक भरपाई आज तक कभी भी नही हुई है इस योजना मे सिर्फ बीमा कंपनी को लाभ पहुचाया जा रहा है और किसानो को फसल बीमा के नाम पर सरकार द्वारा ठगा जा रहा है। वर्ष 2024 मे सोयाबीन की फसल मे हुए नुकसान की बीमा राशि सरकार द्वारा लगभग एक वर्ष बाद किसानो को प्रदान की गई है कई किसानो को 100 रूपये तक भी फसल बीमा प्रदान कर किसानो के साथ सरकार ने अन्याय किया है। फसल बीमा कंपनी द्वारा अनावरी को आधार बनाकर आकलन किया जाता है जबकि हर किसान के खेत मे अलग-अलग तरह से नुकसान होता है तो फिर हल्का मे सर्वे करके अनावरी के आधार पर फसल बीमा दिया जाता है उसमे भी वास्तविक नुकसानी के हिसाब से किसानो को फसल बीमा नही मिलता है यह योजना सिर्फ किसानो से वसुली का माध्यम बन चुकी है। विधायक ग्रेवाल ने सरकार से मांग की है कि फसल बीमा योजना मे सेटेलाईट सर्वे बंद किया जाए एवं फसल बीमा से वंचित किसानो को वास्तविक नुकसानी के आधार पर फसल बीमा प्रदान किया जाए।

# ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट ठगी प्रकरण में महाराष्ट्र राज्य से ठग गैंग का शातिर आरोपी क्राईम ब्रांच पुलिस की कार्यवाही में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर क्राइम ब्रांच द्वारा संचालित NCRP पोर्टल पर इंदौर निवासी फरियादी मोहम्मद हिदायतुल्ला ने शिकायत की थी कि उन्हें एक अज्ञात मोबाइल नंबर से एक व्हाट्सएप संदेश मिला, जिसमें उसका नाम सौम्या प्रकाश बताया गया था सौम्या ने मुझे पार्ट टाइम काम का ऑफर दिया, जिससे प्रतिदिन 2000 से 4000 रुपये कमा सकते है, शुरू में तो मैंने इनकार कर दिया, लेकिन उसके लगातार फॉलोअप और डेमो के लिए जोर देने पर मैंने उसकी बात मानी। उसने मुझे www.the-perth-mint-bid.net पोर्टल का लिंक भेजा और मुझे अपने मोबाइल नंबर के जरिए रजिस्टर करने को कहा। मैंने उसमें रजिस्टर कर लिया। उसने कहा कि डेमो के लिए कंपनी मुझे खाते में 10000 रुपए देगी। मुझे स्टार्ट बिडिंग आइकन के जरिये 18 बिडिंग पूरा करना होगा, मुझे एक सोने का आभूषण दिखाया जाएगा, मुझे सेल आइकन को दबाना होगा और यह बिक जाएगा। प्रत्येक आभूषण के लिए कीमत होगी और एक बिक्री मूल्य होगा। इसकी कीमत और बिक्री मूल्य के बीच का अंतर प्रत्येक बिडिंग में मेरा कमीशन होगा। 18 बिडिंग पूरी करने के बाद मैं अपना कमीशन निकाल सकता हूँ। 18 बिडिंग पूरी करने के बाद उसने मुझे पोर्टल में सेल आउट विकल्प पर क्लिक करके निकासी करने को कहा, पैसे पाने के लिए अपना बैंक खाता रजिस्टर करने को कहा और मैंने रजिस्टर किया, उसने मुझसे कहा कि सेल आउट ऑप्शन सेलेक्ट करने पर जो प्रॉफिट है वो मेरे बैंक अकाउंट में आ जाएगा और सेल आउट स्क्रीनशॉट को टेलीग्राम चैनल CS_CHANNEL268 पर शेयर करने को कहा और मैंने किया। इस तरह मुझे शुरू में 1125 रुपए का प्राप्त हुए। उसके बाद उन्होंने मुझे एक लिंक भेजा जिसमें मुझे टेलीग्राम चैनल theperthmint 2025 से जुड़ने के लिए कहा गया ताकि मैं दूसरे लोगों का अपडेट जान सकूं। मैं theperthmint 2025 के ग्रुप में जुड़ गया, जिसके माध्यम से लगातार मुझसे पैसे जमा करके बिडिंग करने के लिए के लिए आग्रह किया गया। उसने मुझसे 8000 रुपये इन्वेस्टमेंट करने ओर 18 बिडिंग पूरी करने के बाद पैसे, बोनस और कमीशन के साथ रुपए प्राप्त करने का झांसा दिया गया, मैंने CS_CHANNEL268 को चैटिंग के जरिये कांटेक्ट किया और उसके बताये गए अकाउंट में 8000 रुपये डिपाजिट किये ओर 18 बिडिंग पूरी कीं, सेलआउट किया तो मुझे 11,761 रुपये प्राप्त हुए मेरा विश्वास बढ़ गया उसके बाद मेरे द्वारा कुछ दिनों तक लगातार कम अमाउंट के साथ इन्वेस्ट किया तो मुझे प्रॉफिट सहित राशि प्रदान की गई। उसके बाद सौम्या प्रकाश ने मुझे (“theperthmint 2025” ग्रुप में भी) बताया कि 01/09/24 को सालगिरह का ऑफर है जिसमें 1 लाख से ज्यादा जमा करने पर 100% बोनस मिलेगा। 01/09/24 को, कई लोगों ने theperthmint 2025” ग्रुप में अपनी जमा और निकासी के स्क्रीनशॉट पोस्ट किए, जिसमें उन्होंने 5 लाख तक का भुगतान किया और इन्वेस्ट करने वाले लोगों को 14 लाख रुपए प्रॉफिट के रूप में प्राप्त हुए। फरियादी के द्वारा विश्वास कर CS_CHANNEL268 द्वारा दिए गए खाते के विवरण में 2 लाख रुपये जमा किए और बिडिंग किया। बिडिंग लगाने के दौरान मुझे डायमंड बिड मिली, बिडिंग में आगे बढ़ने के लिए 5,70,922 रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया, क्योंकि इसे रद्द नहीं किया जा सकता था, मेरे पास कोई विकल्प नहीं था, पूर्व में मुझे इसी तरह का अनुभव हुआ था और जो अतिरिक्त रूपये जमा कर के बिडिंग ख़तम करने पर रूपये वापस मिल गए, मैंने ICICI BANK में प्री एप्रूव्ड लोन का उपयोग किया, मैंने 5,90,000 रुपये का लोन लिया और CS_CHANNEL268 द्वारा बताए गए बैंक खातों में रुपये जमा किया और बिडिंग जारी रखा। फिर से बिडिंग के दौरान मुझे एक और डायमंड बिड मिली और 12,32,456/- का भुगतान करने के लिए कहा गया। चूंकि इसे रद्द नहीं किया जा सकता और मेरे 8 लाख रुपए पहले से ही फंसे हुए है, 18वी बिडिंग के अंत में मुझे एक ज्वेलरी बॉक्स ऑफर मिला और फिर से मुझे 20,65,821/- का भुगतान करने के लिए कहा गया। मुझे बताया गया कि यह आखिरी है, एक बार पूरा होने पर मैं मुनाफे के साथ भुगतान की गई सभी धनराशि वापस ले सकता हू, और प्रॉफिट सहित राशि लगभग 76 लाख होगी । उपरोक्त पैसे चुकाने के बाद बिडिंग पूरी हो गई। मैंने पैसे सेल आउट (विथड्रावल) की कोशिश की, लेकिन पैसे नहीं निकले, CS_CHANNEL268 ने कहा कि चूंकि मैंने भुगतान में 48 घंटे से ज्यादा की देरी की है, इसलिए क्रेडिट स्कोर 10 पॉइंट्स कम गया है। क्रेडिट स्कोर बढ़ाने के लिए मुझे 25 लाख रुपये चुकाने पड़ेंगे। इस तरह फरियादी को अलग अलग तरह के झूठ बोलकर फरियादी से 59 लाख 94 हजार रुपए की ऑनलाइन टास्क इन्वेस्टमेंट के नाम से ठगी की गई थी जिसमें फरियादी के द्वारा एनसीआर पोर्टल 1930 पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। उक्त प्रकरण में वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशानुसार क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस टीम के द्वाराअपराध पंजीबद्ध करके प्रकरण में फरार आरोपियो की धरपकड़ करने हेतु आरोपी की तकनीकी जानकारी प्राप्त करते हुए आरोपी *सिध्देश्वर खांडभराड़ पिता मधुकार खांडेभराड़ उम्र 23साल निवासी हस्ते पिंपळगांव जिला जालना महाराष्ट्र को गिरफ्तार करने हेतु आरोपी के पते पर महाराष्ट्रा रवाना किया गया । क्राइम ब्रांच की टीम ने स्थानीय पुलिस की टीम के साथ दबिश दी गई । शातिर आरोपी को पुलिस की दबिश की भनक लगने से फरार हो गया । क्राइम की टीम के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो को हालात से अवगत कराने पर वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों को अमल में लाते हुए क्राइम ब्रांच की टीम के द्वारा आरोपी का पीछा किया गया । आरोपी के द्वारा क्राइम ब्रांच से बचने के लिए मोबाइल बंद कर दिया गया । आरोपी अपने निवास से 100 किलोमिटर दूर जाकर छिपा है, मुखबिर की सूचना से ज्ञात हुआ । तकनिकी जानकारी एवं स्थानीय निवसीगण एवं स्थानीय पुलिस की मदद से लगातार 6 घंटे तलाश की गई । मुखबिर से प्राप्त सूचना पर आरोपी को रांजणगांव, छत्रपती संभाजीनगर(औरंगाबाद) महाराष्ट्र में तलाश करने पर क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को धरदबोचा । प्रकरण में आरोपी से विधिवत प्रारंभिक पूछताछ करते बताया कि ठग गैंग के द्वारा देशभर में सैकड़ों लोगों को इसी तरह से ऑनलाइन ठगना कबूला है, प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही सहित गैंग के अन्य सदस्यों से पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में पूर्व में हरियाणा राज्य से शातिर ठग आरोपी (1). मंदीप पिता जगबीर उम्र 22 वर्ष निवासी हिसार हरियाणा को गिरफ्तार किया जा चुका है ।



# पैदल यात्रा को लेकर हुई पुजारियों की बैठक

**रणजीत टाइम्स**

उज्जैन। श्री पुजारी उत्थान एवं कल्याण समिति द्रविड़ मार्ग उज्जैन के बैनर तले सोमवार को पुजारियों की एक बैठक शहर के श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर पर आयोजित की गई। इस बैठक में ग्वालियर से भोपाल जा रही पैदल यात्रा सहित पुजारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में संभाग अध्यक्ष डॉ. केएन वैष्णव ने कहा कि, देवस्थान के संरक्षण को लेकर दतिया, ग्वालियर, भिंड से पुजारीयो की भोपाल पैदल यात्रा जाएगी। जिसमें श्योपुर के पुजारियों को भी शामिल होना चाहिए। इसके अलावा बैठक में पुजारीयो के लंबित पुजारी नियुक्ति प्रकरण एवं पुजारीयों को दो-तीन साल से मानदेय नहीं मिल रहा है उसके बारे में विचार किया गया। इस दौरान सत्यनारायण आसीदा, रामरूप बिचगांवड़ी, बलराम, ओमप्रकाश, महावीर, राधेश्याम, विष्णु शर्मा, विष्णु वैष्णव, नरेंद्र शर्मा, बलराम केदार शर्मा, भरत सहित बड़ी संख्या में पुजारीगण उपस्थित रहे। बैठक के अंत में चंबल संभाग महामंत्री अशोक शर्मा द्वारा आभार व्यक्ति किया गया।



## कार्यकारिणी का किया विस्तार

पुजारियों की इस बैठक में जिला कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया जिसमें ओमप्रकाश उर्फ विक्की वैष्णव पांडोला को जिलाध्यक्ष एवं गिरिराज वैष्णव को महामंत्री, प्रकाश शर्मा एवं दयाशंकर शर्मा को संरक्षक सदस्य, कृष्णमुरारी वैष्णव, कमलेश वैष्णव को संयोजक एवं लक्ष्मण राव को कार्यालय मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा बृजेश वैष्णव, सुखवेंद्र, ओमप्रकाश, श्याम वैष्णव, कैलाश बैरागी, भरत वैष्णव, विनोद गौतम को कार्यकारिणी में सदस्य बनाया गया है।

# पुलिस ने दिन दहाड़े शहर में हुई चोरी का किया खुलासा

## पुलिस ने घटना में शामिल 01 आरोपी को किया गिरफ्तार आरोपी पूर्व में भी चोरी के अपराध में रहा है लिप्त

**रणजीत टाइम्स**

खरगोन । वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के द्वारा जिला खरगोन में हो रही चोरी एवं लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाकर अज्ञात आरोपियों की पतारसी व शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था । प्राप्त निर्देशों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य में थाना कोतवाली खरगोन में पुलिस टीम ने दिन दहाड़े शहर में हुई चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार




करने सफलता हासिल की है । 25 अगस्त 025 को फरियादी निवासी इंद्रप्रस्थ कॉलोनी खरगोन ने थाना कोतवाली खरगोन पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, 25.08.2025 को प्रातः 08 से दोपहर 03 बजे के मध्य कोई अज्ञात बदमाश घर के दरवाजे का ताला तोडकर मकान में घुसकर अलमारीयो में रखे सोने-चांदी के आभूषण कीमती लगभग 08 लाख रुपये को कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गया है । प्राप्त सूचना पर से अपराध क्रमांक 372/2025 धारा 331(4), 305(ए) का अज्ञात आरोपी के पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दिन दहाड़े शहर में हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल व एसडीओपी खरगोन रोहित लखारे व थाना प्रभारी कोतवाली खरगोन निरीक्षक बनवारी लाल मंडलोई के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर मौके पर रवाना किया गया । मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जिला फिंगर प्रिन्ट एक्सपर्ट निरीक्षक महेश गहलोत को भी भेजा गया । पुलिस टीम के द्वारा आसपास के क्षेत्र व सभी संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले गए व मुखबिरों को भी सक्रिय कर घटना से जुड़ी जानकारी देने के लिए लगाया गया। पुलिस टीम ने उक्त चोरी के मामले में संदिग्धों को चिन्हित किया गया व संदिग्धों के संबंध मे जानकारी जुटाई गयी । इसके अलावा टीम ने पुलिस का पुराना तरीका अपनाते हुए मुखबिरों को सक्रिय कर चिन्हित संदिग्धों कि जानकारी एकत्रित करने हेतु लगाया गया । जिसमे पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना उक्त घटना में अमान उर्फ अमानुद्दीन के होने कि संभावना है । प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अमान उर्फ अमानुद्दीन को अभिरक्षा में लिया गया जिससे मनोवैज्ञानिक व बारीकी से पूछताछ करने पर उन्होंने उक्त चोरी को कारित करना स्वीकार किया। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी अमान उर्फ अमानुद्दीन से चोरी किए आभूषणों के बारे में पूछने पर उसने आभूषणों को गोपालपुरा गांव के पास बायपास तरफ एक सूनसान स्थान पर गड्डे मे गाड़कर छिपाना बताया जिसे पुलिस टीम के द्वारा आरोपी की निशानदेही पर नियमानुसार विधिवत जप्त कर गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है । उक्त की गई कार्यवाही में एसडीओपी खरगोन रोहित लखारे व थाना प्रभारी कोतवाली खरगोन निरीक्षक बनवारी लाल मंडलोई के नेतृत्व में उनि. करनराज सिह जोधा, प्रआर. श्याम पंवार, संतोष शुक्ला, आरक्षक आले अली एवं मुकेश मंडलोई व जिला फिंगर प्रिन्ट एक्सपर्ट निरीक्षक महेश गहलोत का विशेष योगदान रहा ।

# श्राद्ध पक्ष में सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन खरडूबड़ी में 8 सितंबर से होगा आरंभ

### प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य पं. अशोक पाठक पधारेंगे, कथा की प्रचार सामग्रीयों का हुआ विमोचन

**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ। ग्राम खरडू बड़ी स्थित राजपूत समाज के मांगलिक भवन में श्राद्ध पक्ष में 8 से 14 सितंबर तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन ख्याति प्राप्त आचार्य पं. अशोक पाठक (खांतेगांव) के मुखारविन्द से होगा। यह आयोजन ग्राम के लिए धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनेगा।



गांव के श्रीराम मंदिर पर 28 अगस्त, गुरूवार सुबह श्रीराम कथा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच रमेश डामोर एवं समाजसेवी रमेश डामोर की उपस्थिति में कथा के फलेक्स, बेनर एवं आमंत्रण-पत्रिकाओं आदि का विमोचन किया गया। बैठक में आयोजन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई एवं सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। कथा की शुरुआत 8 सितंबर सुबह 7 बजे अमृतवाणी पाठ से होगी। पश्चात् सुबह 9 बजे से श्री संत विहार धाम झाबुआ रोड से भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा ढोल-मांदल और शहनाई की धुन पर निकाली जाएगी। यह यात्रा ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए धांधलपुरा रोड स्थित शीतला माता मंदिर से होती हुई कथा स्थल तक पहुंचेगी। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न समाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। विशेष बग्घी में संत विराजित रहेंगे। प्रतिदिन कथा वाचन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। पहले दिन कथा 8 सितंबर दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। कथा स्थल को भगवा ध्वजों से सजाया जाएगा। जिससे श्रद्धालु आध्यात्मिक माहौल में कथा श्रवण कर सके। सुंदरकांड, भजन एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ होगा विशेष आयोजनों की श्रृंखला में 9 सितंबर रात 8 बजे से श्री सिद्धेश्वर रामायण मंडल काकनवानी द्वारा सुंदरकांड का आयोजन होगा। 10 सितंबर रात्रि 8 बजे से भगत समाज की भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 13 सितंबर रात 8 बजे से 1008 श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। समापन दिवस 14 सितंबर को विश्राम दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें प्रसादी का आयोजन रखा गया है। आयोजन में ग्राम के समस्त गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं सभी श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पधारने हेतु अपील की गई है। कार्यक्रम की सफलता हेतु समिति में मुख्य रूप से सरपंच रमेश डामोर, समाजसेवी रमेश डामोर, भारतसिंह राठौर सहित अनेक कार्यकर्ता जुटे हुए है, जो प्रचार-प्रसार के साथ ही कथा आयोजन को लेकर क्षेत्र के मंदिरों में पोस्टर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी भव्य रूप से प्रचार-प्रसार जारी है। आयोजन समिति ने सात दिवसीय श्रीराम कथा में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने हेतु अपील की है।

## भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) द्वारा गुरूवार को किसानों की समस्याओं के संबंध में गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे

**रणजीत टाइम्स**



सरदारपुर । जहां कलेक्टर को ही ज्ञापन देने के लिए अड गये तथा दो घंटे से अधिक समय तक कलेक्टर कार्यालय में डटे रहे दो घंटे बाद तहसीलदार आशीष राठोड़ को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में किसानों ने 2023 - 24 की रबी खरीफ की फसल बीमा राशि दिलाने , बरमंडल में नगद खाद विकृत केंद्र खोलने , नर्मदा सिंचाई परियोजना से वंचित बरमंडल , अकोलिया , बरखेड़ा , सिंदुरिया , पटोलिया आदि ग्रामों का सर्वे करवाकर शीघ्र उक्त ग्रामों को भी जोड़ने , घोड़ारोज एवं जंगली सूअर से फसल बचाने हेतु ठोस कदम उठाएं जाने , आगामी सोयाबीन फसल समर्थन मूल्य से कम में विक्रय ना हो उसके लिए उचित नियम बनाने , आगामी रबी सीजन में विद्युत प्रदाय निर्बाध प्रदान करने , सरदारपुर एवं बदनावर क्षेत्र में अल्प वर्षा के चलते सुखा घोषित करने संबंधी मांगे ज्ञापन के माध्यम से रखी साथ ही दस दिनों में उक्त समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर किसानों द्वारा कलेक्टर कार्यालय में भुख हड़तालकरने की चेतावनी दी गई। ज्ञापन का वाचन भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव जीवन पटेल ने किया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रदेश संगठन मंत्री वीरेन्द्र पाटीदार , जिला महासचिव जीवन पटेल , पप्पालाल पटेल, मांगीलाल चौधरी , मुन्नालाल पाटीदार , नारायण मालवीया , रमेश गुजरिया , रमेश गोठवाल , दिलीप गूगावन , गोपाल रावड़िया , मनीष मारू , परमानंद काछा, अमृत मरेटिया , जितेन्द्र चावड़ा , प्रमोद जायसवाल , भेरूलाल मारू , नागेश्वर पाटीदार , आशाराम मारू , कमल पाटीदार , पवन गोयल , भोला पाटीदार सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## संगठन को मजबूत करने हेतु प्रदेश में की नियुक्तियां श्री लोधी बने प्रदेश मंत्री

रणजीत टाइम्स

/अखिल भारतीय लोधी लोध राजपूत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दादा रामगोपाल राजपूत के निर्देश में प्रदेश अध्यक्ष अशोक वर्मा एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता लोधी राधेश्याम देवड़ा की अनुशंसा पर संगठन को मजबूत बनाने हेतु प्रदेश में नियुक्तियां की जा रही है उसी के अंतर्गत देवास जिले के महेंद्र सिंह लोधी को प्रदेश मंत्री एवं मुरारी लाल लोधी (बापू )को प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किया गया हे। उनकी नियुक्ति पर रमेश कौशल गजानंद लोधी छोटू लाल ठेकेदार पूर्व पार्षद बद्रीलाल लोधी हुकुम सिंह लोधी मिश्रीलाल लोधी बबलू लोधी प्रेम लोधी दीपक ठाकुर कुलदीप लोधी सहित समाज जनों ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन को मजबूत करने के लिए जल्दी ही और भी पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।





## एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता नुन्हारिया एवं ठाकुर होंगे सेवानिवृत्त

अंतिम युद्ध- संजय बाबा यादव





जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के मुख्य अभियंता पद पर कार्यरत श्री एम. के. नुन्हारिया 35 वर्षों की सेवा उपरांत तथा श्री रामनरेश सिंह ठाकुर 37 वर्षों की सेवा पश्चात आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं। दोनों वरिष्ठ अभियंताओं ने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल तथा मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में विभिन्न दायित्वों पर कार्य करते हुए उल्लेखनीय योगदान दिया।

# मंडावखेड़ा मनरेगा घोटाला: पैसे लौटाकर बच निकला भ्रष्ट रोजगार सहायक, निलंबन क्यों नहीं?

### शिकायत के बाद 42,548 वसूली कर शिकायत बंद "क्या पैसा लौटाने से भ्रष्टाचार धूल गया?"

रणजीत टाइम्स

खरगोन । जिले की जनपद पंचायत भगवानपुरा की ग्राम पंचायत मंडावखेड़ा में मनरेगा कार्यों में बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। ऑनलाइन रिपोर्ट अनुसार (1724008038/WC/22012034610858) के अनुसार आरएफआर रूपा चेकडैम (नाकु के खेत के पास) पर लगभग 14.91 लाख रु. की लागत से कार्य किया गया। इस दौरान फर्जी, गलत व डुप्लीकेट जॉबकार्ड बनाए गए। जॉबकार्ड क्रमांक MP24-008-038-001/234-A, 546-C, 315-C, 309-C, 194-C, 331-B, 1024, 1013,134-C, 180-A आदि के नाम से 25 से 30 हजार रु. प्रति कार्ड की हेराफेरी की गई। फिनो बैंकिंग सिस्टम के जरिए पेमेंट लेकर बाद में इन जॉबकार्डों को पोर्टल से डिलीट कर दिया गया। इस भ्रष्टाचार की शिकायत पहले भी 29 जुलाई 2024 को की गई थी लेकिन बिना जांच किए सांठगाठ से शिकायत को फर्जी तरीके से बंद कर दिया गया।

### जांच में शिकायत सही पाई गई

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत खरगोन के आदेश (पत्र क्र. 1871, दिनांक 12-07-2025) के अनुसार जांच में यह शिकायत सही पाई गई। वर्ष 2020-21 में इस कार्य में कुल 188 दिवस दर्ज कर 36,224/- का भुगतान फर्जी जॉबकार्डों पर हुआ। भुगतान के बाद जॉबकार्डों को पोर्टल से हटा दिया गया। जांच में दोषी ग्राम रोजगार सहायक गुलाब कनासे पाया गया। सीईओ जिला पंचायत खरगोन के आदेश (क्रमांक 2306.07, दिनांक 21.04.2025) से कनासे से 42,548 की वसूली का निर्देश हुआ। उसने 28.05.2025 को यह राशि प्रशासनिक मद के नोडल खाते में जमा कर दी।

### पैसे जमा कर बचा दोषी!

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि शिकायत सही पाए जाने के बावजूद दोषी को निलंबित नहीं किया गया। सिर्फ पैसे जमा करा कर शिकायत को "फ़ोर्स क्लोज़" कर दिया गया। जबकि जिले में ही ऐसे ही एक अन्य प्रकरण में दोषी को निलंबन की कार्रवाई का सामना करना पड़ा।




### बड़ा सवाल कोई कार्यवाही क्यों नही की

आखिर मंडावखेड़ा मामले में दोषी को बचाने की कोशिश क्यों की गई? जब घोटाला साबित हो गया तो निलंबन की कार्यवाही क्यों नहीं हुई? यदि शिकायत नही होती तो क्या यह रुपये वापस मिलते ?यह माना जाए के गबन के मामले को दबाने की कोशिश की गई ? क्या यह उच्च अधिकारियों की मिलीभगत का मामला है?

### जनचर्चा में उठ रहे सवाल

गांव से लेकर जिला स्तर तक इस फैसले को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आमजन का कहना है कि "पैसा जमा कर देने से कोई ईमानदार नहीं हो जाता। भ्रष्टाचार करने वाले को दंडित किया जाना चाहिए।" यह मामला सीधे-सीधे भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का उदाहरण बन गया है।

## पेटलावद पुलिस का सराहनीय कार्य वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन मोटरसाइकिलें जप्त

रणजीत टाइम्स

**थाना प्रभारी पेटलावद श्री निर्भयसिंह भूरिया के नेतृत्व में गठित टीम ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है दिनांक 25.08.2025 को फरियादी द्वारा ग्राम बड़ी देहंडी से दो मोटरसाइकिलों की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।**

जांच में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने पेटलावद सब्जी मंडी के पीछे खंडहर मकान में दबिश देकर दो आरोपियों एवं एक बाल अपचारी को पकड़ा। उनके कब्जे से तीन मोटरसाइकिलें – दो चोरी गईं और एक बिना नंबर की – कुल कीमत लगभग 1,90,000/- की जप्त की गई पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में कबूला कि वेअलग-अलग स्थानों से महंगी मोटरसाइकिलें चुराकर सस्ते दामों में बेचने की फिराक में थे। एक बाइक की चोरी की पुष्टि थाना राणापुर में दर्ज प्रकरण से भी हुई है।



### नाम आरोपी-

01) संजयसिंह पिता मांगुसिंह पंवार उम्र 27 वर्ष 02) पप्पु उर्फ पियुष पिता रमेश सिसोदिया उम्र 23 वर्ष। 03) एक बाल अपचारी।

### इनका रहा उत्कृष्ट कार्य

इस उत्कृष्ट कार्य में थाना प्रभारी श्री निर्भयसिंह भूरिया एवं उनकी टीम – उप निरीक्षक महेश भामदरे, सउनि लाखनसिंह भाटी, प्रधान आरक्षक पवन, आरक्षक रवि, मुकेश, रविन्द्र व मोतीलाल की भूमिका सराहनीय रही।

# पेटलावद तहसील में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ

## ग्राम पंचायत बोड़ायता के मकोडियाझर से भेंसोला (बदनावर) जा रही मजदूरों से भरी पिकअप धतुरिया मोहनपुरा मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलट गई

**रणजीत टाइम्स**



पेटलावद। हादसे में 6 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत पेटलावद सिविल अस्पताल भेजा गया। घायलों में लक्ष्मण (30 वर्ष) निवासी नाहरपुरा, अंबाराम (50 वर्ष) निवासी मकोडियाझार, विठलाबाई (25 वर्ष) निवासी नाहरपुरा, बाबू (30 वर्ष) निवासी मकोडियाझार और गुड्डी बाई (35 वर्ष) निवासी नाहरपुरा शामिल हैं। सूचना मिलते ही सारंगी पुलिस चौकी प्रभारी दीपक देवरे, आरक्षक अनिल मुवेल, डायल 100 से एएसआई गोवर्धन धाकड़ और पेटलावद थाने से आरक्षक रवि मौके पर पहुंचे। पिकअप में सवार मजदूरों की सटीक संख्या का पता नहीं चल पाया है। पिकअप में महिला और पुरुष मजदूरों को अधिक संख्या में भरा गया था। कुछ मजदूर हादसे के बाद मौके से चले गए। पेटलावद थाना प्रभारी निर्भय सिंह भूरिया के अनुसार घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया।

# सोयाबिज फसल खराब, अब मुआवजे पर टिकी आस बडायला चौरासी के किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी को दिया ज्ञापन

**रणजीत टाइम्स**

पिपलौदा। तहसील के ग्राम बडायला चौरासी के किसानों ने सोयाबीन फसल की नुकसानी के आंकलन व मुआवजे की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपा। नेहरू युवा केन्द्र के जिला सदस्य चंद्रप्रकाश पालीवाल व उपस्थित किसानों ने बताया कि गाव व आसपास के क्षेत्र में सोयाबीन की फसल व अन्य फसलो में मौसमी बीमारी, वायरस, अल्पवर्षा, जलजमाव, अफलंन आदि बीमारीयो एवं प्राकृतिक कारणों से सोयाबीन फसल पूरी तरह से खराब व नष्ट हो गई है जिससे किसान काफी चिंतित व परेशान है व फसल खराब होने से किसानों को भारी आर्थिक संकट का सामना भी करना पड़ेगा। छोटे किसानों को तो परिवार जिवोपार्जन में भी दिक्कत हो सकती है। बीमा कंपनी से क्लेम व शासन स्तर से मिले मुआवजा- किसानों ने मांग की है कि सोयाबीन फसल में हुए आर्थिक नुकसान का आकलन व फसल खराब होने का राजस्व एवं कृषि अधिकारियों से एवं प्रधानमंत्री फसल बिमा की कंपनी एजेसियो से तत्काल सर्वे करवाकर मध्यप्रदेश शासन से मुआवजा राशी दिलवाई जावे साथ ही बिमा क्लेम भी प्रदान किया जावे। ज्ञापन देते समय किसान रामचंद्र धाकड़, दुर्गालाल, योगेश, देवराम, श्यामलाल, मोतीलाल, अनिल, मोहनलाल, विष्णु आदि किसान मौजूद रहे।



# जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदक को ट्राई साइकिल प्रदाय की

**अंतिम युद्ध -निलेश सोनी**

पेटलावद।भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता (एडिप योजना) अंतर्गत श्री राकेश पिता राजू मैडा निवासी सागड़िया तहसील पेटलावद को जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत करने पर कलेक्टर नेहा मीना द्वारा ट्राई साइकिल प्रदाय की गई। राकेश पिता राजू मैडा द्वारा जनसुनवाई में कलेक्टर नेहा मीना के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन दिया कि दैनिक जीवन में आवागमन की सुलभता हेतु ट्राई साइकिल की मांग की गयी। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग उप संचालक से उपलब्धता के बारें में जानकारी लेकर एडिप योजनान्तर्गत ट्राई साइकिल दिये जाने हेतु निर्देशित किया। ट्राई साइकिल भेंट करने के उपरांत कलेक्टर नेहा मीना ने श्री राकेश पिता राजू मैडा से पूछा कि वे ट्राई साइकिल का उपयोग का किस तरह से करेंगे। जिसका श्री राकेश पिता राजू मैडा ने सहर्ष जवाब दिया कि वे ट्राई साइकिल का उपयोग पढ़ाई के लिए कोचिंग जाने में एवं अन्य किसी कार्य करने में करेंगे। साइकिल प्राप्त होने पर उन्होंने कलेक्टर नेहा मीना का धन्यवाद दिया।इस दौरान उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग श्री पंकज सांवले उपस्थित रहे।



# कैबिनेट मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया द्वारा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित

**रणजीत टाइम्स**

पेटलावद।शासकीय हाई स्कूल ग्राम बोलासा में अध्ययनरत कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया द्वारा शासकीय हाई स्कूल मोहनकोट, शासकीय हाई स्कूल जामली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम रायपुरिया एवं शासकीय हाई स्कूल ग्राम बोलासा में अध्ययनरत कक्षा 6टी एवं 9वीं के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि राज्य शासन का उद्देश्य है कि कोई भी बेटा-बेटी शिक्षा से वंचित न रहे। इस प्रकार की योजनाएं बच्चों को विद्यालय तक पहुँचने में सहायता करती हैं, जिससे वे नियमित रूप से शिक्षा प्राप्त कर सकें और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें। कैबिनेट मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं उनके अभिभावकों से संवाद करते हुए शिक्षा, संस्कार एवं आत्मनिर्भरता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और शासन इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, अभिभावक, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने राज्य शासन द्वारा संचालित इस पहल की सराहना की और इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।



# मंदसौर जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले यात्री जो की वैष्णो देवी गए थे, 2 की मृत्यु, 3 घायल, 2 सकुशल मिले

**रणजीत टाइम्स**

मंदसौर। जिला अंतर्गत आने वाले नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के भील खेड़ी गांव के रहने वाले कुछ श्रद्धालु वैष्णो देवी यात्रा पर गए थे भारी बारिश और पहाड़ी इलाका होने के कारण यह यात्री यहां दुर्घटना का शिकार हो गए मंदसौर पुलिस कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्राकृतिक आपदा के कारण दो लोगों की मृत्यु हो गई और इस दुर्घटना में तीन लोग घायल हुए हैं दो लापता हुए थे वह स्वस्थ है और मिल गए हैं

नाम मृतक- 1.फकीरचन्द पिता गौतम जी गुर्जर उम्र 50 साल निवासी भीलखेडी थाना नारायणगढ जिला मन्दसौर म.प्र.

2.रतनबाई पति भगतराम गुर्जर उम्र 65 साल निवासी भीलखेडी थाना नारायणगढ जिला मन्दसौर म.प्र.

घायलो की संख्या 3

1. सोहनबाई पति फकीरचन्द गुर्जर उम्र 47 साल निवासी भीलखेडी थाना नारायणगढ जिला मन्दसौर म.प्र.

2.देवीलाल पिता भगतराम गुर्जर उम्र 45 साल निवासी भीलखेडी थाना नारायणगढ जिला मन्दसौर म.प्र.

3.ममता पति समरथ गुर्जर उम्र 30 साल निवासी भीलखेड



# महापौर, कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी एक ही बस में निकले निरीक्षण पर

## डीआरपी लाइन से की शुरुआत, जगह-जगह रुककर ली व्यवस्थाओं की जानकारी

रणजीत टाइम्स

इंदौर । इंदौर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के आयोजन अनंत चतुर्दशी चल समारोह के तहत निकाले जाने वाली झांकियों की तैयारी तेजी से जारी है। झांकियों की सुरक्षा और अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को एक अनोखा नजारा देखने को मिला। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, आयुक्त नगर निगम श्री शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह सहित महापौर परिषद के सदस्य और सभी विभागीय अधिकारी एक ही बस में सवार होकर झांकी मार्ग का निरीक्षण करने निकले। निरीक्षण की शुरुआत डीआरपी लाइन से हुई। इसके बाद दल ने भंडारी ब्रिज चौराहा, श्रम शिविर, चिंकमंगलूर चौराहा, जेल रोड, नावेल्टी मार्केट, एमजी रोड, कृष्णपुरा छत्री, नंदलालपुरा रोड, जवाहर मार्ग, गुरुद्वारा चौराहा, बम्बई बाजार, कपड़ा मार्केट, सीतलामाता बाजार, खजूरी बाजार रोड़ और राजबाड़ा तक पूरे झांकी मार्ग का जायजा लिया। इस दौरान जगह-जगह रुककर तैयारियों का निरीक्षण किया गया। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर की झांकियां सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और आस्था का विराट उत्सव हैं। नगर निगम झांकियों की व्यवस्थाओं को सर्वोत्तम बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जर्जर भवनों की तुरंत पहचान कर उन पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। विद्युत तारों और अनावश्यक केबल-वायर को हटाने की कार्यवाही की जाए। झांकी मार्ग पर किसी भी प्रकार की बाधा जैसे ठेले, गुमटियां, शेड आदि न रहें। आपात स्थिति में



# माजीसा का वार्षिक मेला व रात्रि जागरण पत्रिका का किया शुभ मूहर्त



## आगामी 5 सितंबर को होगा भव्य रात्रि जागरण

रणजीत टाइम्स

मदुराई (तमिलनाडु ) । सनातन धर्मप्रेमी छत्तीस कौम एवं माजीसा सेवा मंडल के सँयुक्त तत्वाधान में स्थानीय माजीसा मंदिर प्रांगण में आज श्री जसोल री धनियाणी माता राणी भटियाणीजी का तेरहवाँ वार्षिक मेला व रात्रि जागरण पत्रिका लेखन का शुभ मूहर्त किया गया प्रवासी समाज प्रवक्ता दिनेश सालेचा ने बताया कि पण्डित प्रवीणजी महाराज ने मंत्रोचार से वार्षिक 13 वां मेला व रात्रि जागरण की आमंत्रण पत्रिका का शुभ समय पर कुंकुम,मोली,अक्षत, गुड़,धाणा आदि से आमंत्रण पत्रिका का मूहर्त किया गया । जिसमें श्री गणेश, श्री माताराणी भटियाणीजी, श्री सवाईसिंहजी राठौड़, बायोसा बावसी, श्री लाल बन्ना आदि को रात्रि जागरण के लिए निमंत्रण पत्रिका पर नाम का उल्लेख कर जयकारो व जयघोष के साथ आमंत्रण दिया गया । इस अवसर पर मदुरै समस्त सनातन धर्मप्रेमी छतीस कौम सदस्यगण एवं माजीसा सेवा मण्डल के सदस्यगण मौजूद रहे । माजीसा के भक्त प्रवीण महाराज ने आगामी 5 सितंबर 2025 शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा व् रात्रि जागरण, पूजा अर्चना, माजीसा की स्थापना, मंगल गीत गाँव साँझी सहित कार्यक्रम की रुपरेखा एवं उस दिन आयोजित होने कार्यक्रम से अवगत कराया और सभी माजीसा के भक्तों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में परिवारजन के साथ मेला व रात्रि जागरण में भाग लेने का आग्रह किया ।

# उमा-सांझी महोत्सव 2025 की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक सम्पन्न

रणजीत टाइम्स



उज्जैन । उमा सांझी महोत्सव के दौरान परम्परानुसार होने वाली पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की व्यवस्थाओं के संबंध में श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के डिप्टी कलेक्टर एवं उप प्रशासक श्री एस.एन.सोनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। श्री महाकालेश्वर मंदिर में उमा-सांझी महोत्सव अश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी से अश्विन शुक्ल द्वितीया (श्राद्ध पक्ष) तक मनाया जाता है। उमा-सांझी के पूजन की परम्परा प्राचीन लोक संस्कृति पर आधारित है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित होने वाले उमा-सांझी महोत्सव 2025 में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 17 सितम्बर 2025 बुधवार अश्विन कृष्ण एकादशी) से 21 सितम्बर 2025 रविवार (अश्विन कृष्ण अमावस्या) तक आयोजित किया जाना है। बैठक में उमा-सांझी महोत्सव के दौरान होने वाले आयोजनों हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया। जिसमें प्रथम दिवस सभा मण्डप में घट-स्थापना एवं वसंत पूजा हेतु, सभा मण्डप में प्राचीन पत्थर पर परम्परा अनुसार रंगोली से संझा बनाने हेतु, सभा मण्डप में झाकी निर्माण किये जाने हेतु समितियों का गठन किया गया। उमा-सांझी महोत्सव 2025 की बैठक में सभा मण्डप में होने वाले पाँच दिवसीय कार्यक्रमों पर पुजारी-पुरोहितों द्वारा प्राप्त सुझावों पर चर्चा की गई साथ ही मंदिर में 22 सितम्बर को होने वाले कन्या भोज, झाकी निर्माण, नौका विहार आदि के संबंध सुझाव प्रेषित किये गये।

उमा सांझी महोत्सव के प्रथम दिवस प्रातः घट स्थापना व सायंआरती के उपरांत वसंत पूजा (चारों वेदों के पाठ) का आयोजन किया जावेगा। इसके अतिरिक्त उमा-सांझी महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन विद्यालयीन छात्र-छात्राओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं (चित्रकला, श्लोक पाठ, रंगोली, त्वरित भाषण) का आयोजन के साथ-साथ प्रतिदिन सायं में लोक संगीत पर आधारित (गायन, वादन, नृत्य) सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा प्रतिदिन होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंदिर प्रबंध समिति की आई.टी. शाखा के माध्यम से लाईव प्रसारण किया जावेगा। 23 सितम्बर 2025 को वर्ष में एक बार निकलने वाली उमा माता जी की सवारी निकाली जावेगी। उक्त सवारी को भव्यता प्रदान करने का निर्णय लिया गया। ज्ञात हो कि पाँच दिवसीय उमा-सांझी महोत्सव में प्रतिदिन संध्या-आरती के पश्चात लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। जिसमें कलाकारों द्वारा लोक गायन, लोक वादन व लोक नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी जावेगी। इस हेतु 25 अगस्त 2025 से 31 अगस्त 2025 सायं 05.00 बजे तक उमा-सांझी महोत्सव में भाग लेने के लिए उज्जैन एवं आसपास के इच्छुक लोक विधाओं के कलाकार श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की वेबसाईट www.shrimahakaleshwar.com पर दी गई गूगल फॉर्म की लिंक पर जाकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। बैठक में पुजारी श्री रमण त्रिवेदी, पुरोहित श्री सुभाषचन्द्र शर्मा, पुरोहित श्री भूषण व्यास,पुरोहित दीपक भट्ट, पुरोहित श्री नीरज शर्मा, पुरोहित श्री संदीप शर्मा एवं मंदिर व्यवस्था प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

## देश में पहली बार पांच वकील दोषी हत्या के प्रयास की धारा 307/34 में दोषी करार....

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर जिला कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीकृष्ण डागलिया का अभूतपूर्व ऐतिहासिक आदेश .... वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम पटेल पर उज्जैन कोर्ट परिसर में 2009 में किए गए जन लेवा हमले के आरोपित पांचों वकीलों को कोर्ट ने माना दोषी....कुछ हो देर में होगी सजा इंदौर - इंदौर की जिला कोर्ट के सत्र न्यायाधीश ने आज एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है । जिसमें पांच वकीलों को कोर्ट ने गंभीर धाराओं में दोषी पाया है । उज्जैन में वरिष्ठ पत्रकार पर गवाही से रोकने के उद्देश्य से हुए जानलेवा हमले के मामले में कोर्ट ने 15 सालों तक चली गवाही एवं लंबी बहस के बाद पांच वकीलों धर्मेंद्र शर्मा ,शैलेंद्र शर्मा एवं उनके पिता सुरेंद्र शर्मा ,भवेंद्र शर्मा एवं पुरुषोत्तम राय को दोषी पाया है ।ये पांचों पेशे से वकील है देश का यह संभवतः पहला मामला है जिसमें पांच वकीलों को कोर्ट में गवाही से रोकने के लिए गवाह पर किए गए जानलेवा हमले में एक साथ एक ही अपराध में दोषी ठहराया गया है । सजा कितने साल की होगी इसका ऐलान कुछ देर होगा । मामला इंदौर जिला कोर्ट 24 नंबर का है ।अभी सजा पर बहस जारी है।

# भगवान नरसिंह की साढे सात किलो वजनी पाषाण प्रतिमा दिनांक 3 सितंबर को भंमोरी नदी में ढोल ग्यारस पर्व के अवसर पर तीन बार तेराई जाएगी

**संजय प्रेम जोशी**

करीब 125 साल पुरानी यहां परंपरा वर्षों से चली आ रही है। भगवान नरसिंह की पाषाण प्रतिमा भमोरी नदी में तेराई जाने के पीछे कई कई धारणाएं हैं एवं नगर में भगवान नरसिंह के प्रति बड़ी श्रद्धा एवं भाव एवं विश्वास आज भी नगर की जनता में जागृत है । ढोल ग्यारस पर्व पर भगवान नरसिंह की पाषाण प्रतिमा को डोल में विराजित कर अखाड़े एवं गाजे बाजे के साथ विशाल चलसमारोह के साथ मंदिर से लेकर नरसिंह घाट तक विशाल जुलूस निकाला जाता है जुलूस में पुलिस बैंड एवं पुलिस सलामी के बाद विशाल जुलूस निकाला जाता है। भगवान नरसिंह की पाषाण प्रतिमा भमोरी नदी में तीन बार तेराई जाने के पीछे धारणा है कि अगर एक बार प्रतिमा तेरी तो वर्ष कठिनाई भरा होगा दो बार तेरी तो थोड़ा अच्छा रहेगा तीन बार तेरी तो पूरा वर्ष बहुत अच्छा रहेगा नगर में सुख शांति समृद्धि रहेगी। ऐसी नगर के लोगों की धारणा है। साथ ही इसके पीछे कई घटनाएं भी भगवान नरसिंह की पाषाण प्रतिमा भमोरी नदी में तेराई जाने की जुड़ी हुई है। नगर के नागरिक कहते हैं कि कई वर्ष पहले भगवान नरसिंह की पाषाण प्रतिमा को बवलिया मार्ग पर भंमोरी नदी में तेराया जाता था । लेकिन एक बार भगवान नरसिंह की पाषाण प्रतिमा को तैराते वक्त अचानक गायब हो गई प्रतिमा मंदिर के पुजारी द्वारा प्रतिमा प्राप्ति के लिए उपवास तप किया एक समय उनको सपने में भगवान नरसिंह ने दर्शन देकर बताया कि भगवान नरसिंह के पाषाण प्रतिमा बवलिया शिंदला नदी में तैर रही है। तब मंदिर के पुजारी नगर के लोग गाजे बाजे के साथ मैं जाकर बवलिया शिंदला नदी से भगवान नरसिंह की पाषाण प्रतिमा की पूजा अर्चना कर वापस लेकर आते हैं। और तब से आज तक नरसिंह घाट पर भमोरी नदी में भगवान नरसिंह के पाषाण प्रतिमा को तीन बार तेराया जा रहा है। एक



और घटना है भगवान नरसिंह की पाषाण प्रतिमा अचानक चार भागों में बट गई थी तब नगर के सोनी परिवार द्वारा भगवान नरसिंह की प्रतिमा को चांदी के तार से जोड़ा गया था। लेकिन कुछ समय पश्चात ही अचानक चमत्कार हुआ चांदी के तार अपने आप टूट गए और भगवान नरसिंह की पाषाण प्रतिमा अपने पुराने स्वरूप में वापस आ गई। ढोल ग्यारस पर्व पर भगवान नरसिंह के पाषाण प्रतिमा को तैरते हुए देखने के लिए नरसिंह घाट पर हजारों की संख्या में जन समुदाय एकत्रित होता है।

नगर परिषद एवं प्रशासन द्वारा इस आयोजन की पूरी व्यवस्था अपने हाथों में रहती है। डोल ग्यारस पर्व को गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जिसकी तैयारी को लेकर नरसिंह घाट पर साफ सफाई एवं रंग रोगन का कार्य नगर परिषद द्वारा किया जा रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष चंद्रकांता अरुण राठौर द्वारा भगवान नरसिंह की पाषाण प्रतिमा तेराई है जाने को लेकर विशेष तैयारी की जाती है उनके अध्यक्ष कार्यकाल में डोल ग्यारस पर्व को गौरव दिवस में मनाया जा रहा है। साथ ही उनके अध्यक्ष कार्यकाल में पुलिस बैंड एवं भगवान नरसिंह को सलामी देने की परंपरा शुरू की गई। जो लगातार 3 वर्षो से जारी है और इस वर्ष भी नगर परिषद द्वारा भव्य आयोजन के साथ पुलिस बैंड एवं सलामी के साथ में सवारी निकाली जाएगी।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना हैं
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स